




नवभारत
भोपाल, गुरुवार 12 मार्च 2026


## एक नजर में

### महिला ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**गंजबासौदा.** अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की महिला इकाई द्वारा स्थानीय बरेठ रोड स्थित दादजी प्लाजा में होली मिलन एवं फाग उत्सव का आयोजन किया गया. समाज की महिलाओं ने फाग गीतों, फूलों और गुलाल के साथ होली के रंग बिखेरे, वहीं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश भी दिया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया. इस अवसर पर नन्ही बालिका वैभवी रघुवंशी ने अपनी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया. मधुर धुनों पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर होली की पारंपरिक लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। फूलों और गुलाल से खेली गई होली ने पूरे वातावरण को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के रंगों से सराबोर कर दिया। उत्सव के दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया.

### बंद गेट के सामने बने ब्रेकर बने मुसीबत

**सांची,** सांची से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर सांदीपनि विद्यालय के समीप बनाए गए गतिअवरोधक अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं. विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूर्व में विद्यालय के जिस गेट के सामने ये गतिअवरोधक बनाए गए थे, वह गेट अब बंद कर दिया गया है और वर्तमान में स्कूल का मुख्य गेट उपयोग में लाया जा रहा है. ऐसी स्थिति में पहले बनाए गए गतिअवरोधक अब अनुपयोगी हो चुके हैं. इसके बावजूद इन्हें हटाने या उचित स्थान पर बनाने की दिशा में संबंधित विभागों द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन गतिअवरोधकों का निर्माण भी तकनीकी मानकों के अनुसार नहीं किया गया है. इनमें न तो रेडियम मार्किंग है और न ही चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं. रात के समय तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहन जब इन पर अचानक चढ़ते हैं तो तेज आवाज होती है.

### 20 जोड़ों के साथ फेरे लेंगे आयुष

**विदिशा.** शहर में गुरुवार 12 मार्च को एक अनूठा और प्रेरणादायी आदर्श विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है. समाजसेवी एवं भाजपा नेता मनोज कटारे अपने पुत्र आयुष का विवाह आदर्श विवाह समारोह के रूप में आयोजित कर रहे हैं, जिसमें 20 गरीब परिवारों के जोड़े भी उनके साथ सात फेरे लेंगे. यह सामूहिक विवाह समारोह शहर के प्रसिद्ध रिवर साइड इन गार्डन में दोपहर 12 बजे आयोजित होगा. इस आयोजन की खास बात यह है कि आयुष और मनु के विवाह के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारों के 20 जोड़ों का सामूहिक विवाह भी कराया जाएगा. समाजसेवी मनोज कटारे ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की मदद करना और समाज में सादगीपूर्ण विवाह का संदेश देना है. उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विवाह में शामिल प्रत्येक जोड़े को गृहस्थी बसाने के लिए लगभग 80 हजार रुपये की सामग्री प्रदान की जाएगी.

# 11वीं की छात्रा से खेत में दुष्कर्म

## खून से लथपथ मिली नाबालिग, अस्पताल में जिंदगी की जंग जारी

**छतरपुर, 11 मार्च. जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है. यहाँ कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा के साथ अज्ञात दरिंदे ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया.**

मंगलवार शाम शौच के लिए खेत गई छात्रा घंटों बाद लहूलुहान और बेहोशी की हालत में मिली. फिलहाल पीड़िता का इलाज जिला अस्पताल में जारी है और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है.परिजनों के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब 7 बजे छात्रा घर से शौच के लिए पास के ही




खेत की ओर गई थी. जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटी, तो चिंतित परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की. काफी खोजबीन के बाद छात्रा खेत में अचेत अवस्था में पड़ी मिली. उसके कपड़े खून से सने हुए थे, जिसे देख परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई.

**'छोड़ दो... बचा लो' की चीखें और फिर खामोशी**

अस्पताल ले जाते समय जब छात्रा को हल्का होश आया, तो उसके शब्द सुनकर वहां मौजूद हर शख्स की रूह कांप गई. वह डरी-सहमी हालत में 'मुझे छोड़ दो, बचा लो' जैसे शब्द बुदबुदा रही थी और फिर से बेहोश हो गई. परिजनों ने बिना समय गंवाए उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम उसकी निगरानी कर रही है. शुरुआत में बदहवास परिजन छात्रा के इलाज में जुटे रहे.



# छतरपुर की तीन महिला सरपंच होंगी सम्मानित

## दिल्ली में महिला दिवस समारोह में लेंगी हिस्सा

- पंचायत स्तर के नवाचार साझा करेंगी
- महिला नेतृत्व को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

**छतरपुर , 11 मार्च. राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले विशेष समारोह में छतरपुर जिले की तीन महिला सरपंचों को सम्मानित किया जाएगा. यह कार्यक्रम 11 मार्च 2026 को आयोजित होगा.**

जिसमें देशभर से चयनित महिला जनप्रतिनिधि शामिल होकर पंचायत स्तर पर किए गए अपने नवाचारों और अनुभवों को साझा करेंगी. छतरपुर जिले के लिए इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि इससे स्थानीय स्तर पर महिला नेतृत्व और सशक्तिकरण को राष्ट्रीय पहचान मिलेगी.

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ईशानगर की सरपंच निधि मिश्रा, ग्राम पंचायत गोरा की ज्योति मिश्रा और ग्राम पंचायत बरद्वाहा की सरपंच कविता यादव को कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है. समारोह के दौरान ये तीनों सरपंच अपनी-अपनी पंचायतों में महिलाओं और बालिकाओं के हित में किए गए कार्यों, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पंचायत स्तर पर महिला नेतृत्व से जुड़े अनुभव साझा करेंगी. उनके प्रयासों को अन्य राज्यों से आए प्रतिनिधियों के सामने प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा. कार्यक्रम में जनपद पंचायत बड़ामलहरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ईश्वर सिंह वर्मा भी शामिल होंगे.

# शिवाय अरजरिया को कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार

- कलेक्टर पार्थ जैसवाल प्रशिक्षण पर, कमिश्नर के आदेश से व्यवस्था

**छतरपुर, 11 मार्च. जिले में प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया को कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. इस संबंध में सागर संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने आदेश जारी किए हैं.**

जानकारी के अनुसार छतरपुर के वर्तमान कलेक्टर पार्थ जैसवाल प्रशासनिक प्रशिक्षण के लिए जिले से बाहर गए हुए हैं.



**प्रशासन के कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए**

उनकी अनुपस्थिति के दौरान जिला प्रशासन के कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसे ध्यान में रखते हुए यह अंतरिम व्यवस्था की गई है. आदेश के अनुसार नमः शिवाय अरजरिया अपने वर्तमान पद जिला पंचायत सीईओ के दायित्वों के साथ-साथ कलेक्टर के कार्यों का भी निर्वहन करेंगे.नमः शिवाय अरजरिया प्रशासनिक सेवा में अनुभवी अधिकारी माने जाते हैं. वे इससे पहले राज्य शिष्टाचार अधिकारी के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं.

### पूर्व बीजेपी विधायक के घर चोरी की वारदात

**विदिशा.** विदिशा शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. ताजा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी का है, जहां बीती रात चोरों ने भारतीय जनता पार्टी की पूर्व विधायक रहीं राजश्री सिंह के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की नकदी और मशरूखा पर हाथ साफ कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए. बताया जा रहा है कि राजश्री सिंह और उनके पति रुद्र प्रताप सिंह शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं.

### यातायात नियम उल्लंघन पर 31,700 का जुर्माना वसूला

**विदिशा.** शहर में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया. यह कार्रवाई प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम के नेतृत्व में संपन्न हुई. मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमाकांत भारके द्वारा की गई. मोबाइल कोर्ट के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कादिर खान और साकेत जैन भी उपस्थित रहे.इस दौरान यातायात थाना प्रभारी आशीष राय द्वारा प्रस्तुत 24 प्रकरणों पर सुनवाई की गई, जिनमें वाहन चालकों से कुल 31 हजार 700 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई. कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालक बिना बीमा के वाहन चलाते हुए पाए गए.

# छतरपुर में पिता की मौत पर हत्या का आरोप

- महिला ने वार्ड पार्षद समेत छह लोगों के खिलाफ की शिकायत
- एसपी कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग

**छतरपुर, 11 मार्च. में एक महिला ने अपने पिता की संदिग्ध मौत को साजिशन हत्या बताते हुए वार्ड पार्षद समेत छह लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.**

कोतवाली थाना क्षेत्र के सौरा रोड स्थित गौतम नगर मढ़िया के पास रहने वाली समा खातून बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचीं. उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय



पप्पू फकीर की मौत को हत्या करार देते हुए वार्ड पार्षद गोविंद तिवारी सहित रफीक नट, नगीना नट, महेश अहिरवार, दिनेश अहिरवार और रमेश खटीक के खिलाफ लिखित शिकायत दी. पीड़िता का आरोप है कि इन लोगों के खिलाफ पहले से मारपीट और छेड़खानी जैसे मामले दर्ज हैं, इसके बावजूद वे लगातार उनके परिवार को परेशान करते रहे.

महिला के अनुसार 2 अप्रैल 2025 को आरोपियों ने उसके पिता को जरीना खातून के घर बुलाया था. वहां पहले उनके साथ मारपीट की गई और बाद में जहरीला पदार्थ खिलाकर या इंजेक्शन लगाकर उनकी हत्या कर दी गई.समा खातून का यह भी दावा है कि आरोपी रफीक नट ने शराब के नशे में इस घटना को खुद कबूल किया और उसे भी जान से मारने की धमकी दी. पीड़िता ने एसपी से मांग की है कि मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए.

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो गंभीर घायल

**लटेरी.** मुरवास थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमरौली के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को 100 डायल की मदद से लटेरी अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत होने पर उन्हें विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया.

पुलिस के अनुसार दुर्घटना में तेज सिंह सेन की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं गोरेलाल सेन और हरप्रसाद सेन गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई.

# पहलवान को मिली जान से मारने की धमकी

## फरार आरोपियों की तलाश तेज, ऑडियो वायरल

- खेत में फसल काटने से रोकने का आरोप
- पीड़ित ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई मांगी

**छतरपुर, 11 मार्च. जिले के भगवा थाना क्षेत्र की घुवारा चौकी अंतर्गत रहने वाले पहलवान राय ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं.**

पहलवान राय का कहना है कि आरोपी उन्हें खेत में फसल काटने से भी रोक रहे हैं और गवाहों के घर जाकर उन्हें धमका रहे हैं. इस मामले में पहले से एक केस दर्ज



है, लेकिन चार आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं. पीड़ित के अनुसार वह पहले भी थाना गया था, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. इसके बाद वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. उसने चेतावनी दी कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वह अन्य कानूनी कदम उठाएगा.इस बीच धमकी से जुड़ा एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे इलाके में चर्चा और चिंता का माहौल है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने जांच शुरू कर दी है और फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है. स्थानीय प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाह या हिंसा से दूर रहने की अपील की है.

# रिटायर्ड शिक्षक के घर गैस का भंडार

## विश्वनाथ कॉलोनी में आधी रात छापा, 25 सिलेंडर जब्त

**छतरपुर, 11 मार्च. शहर की विश्वनाथ कॉलोनी में प्रशासन ने देर रात एक रिटायर्ड शिक्षक, जिन्हें स्थानीय लोग अहिरवार सर के नाम से जानते हैं, के घर छापा मारकर 25 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए.**

कार्रवाई के दौरान एसडीएम, तहसीलदार और कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही.तलाशी के दौरान पाया गया कि 25 सिलेंडरों में से 22 खाली और 3 भरे हुए थे. पड़ोसियों और



स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में इस प्रकार की गतिविधियों की पहले कोई जानकारी नहीं थी, हालांकि हाल के दिनों में घरेलू गैस की किल्लत की शिकायतें सामने आ रही थीं.

### 22 वाहनों पर कार्रवाई कर 18 हजार का अर्थदंड वसूला

**लटेरी.** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विदिशा शेख सलीम के निर्देश तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विदिशा राकांत भार्गव के मार्गदर्शन में बुधवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लटेरी अंकिता प्लास द्वारा ग्राम महावन में मोबाइल कोर्ट का संचालन किया गया. मोबाइल कोर्ट के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान बिना लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और बीमा के यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 वाहनों पर कार्रवाई की गई और करीब 18 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला गया.

# प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ शिवसेना का विरोध

## छतरपुर में डीईओ को सौंपा ज्ञापन, किताबों में कमीशन का आरोप

**छतरपुर, 11 मार्च . में निजी स्कूलों की कथित मनमानी और कमीशनखोरी के खिलाफ युवा शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने विरोध जताया. बुधवार दोपहर करीब 12 बजे संगठन के जिला प्रमुख नीतेश तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को ज्ञापन सौंपकर निजी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.**

संगठन का कहना है कि जिले के कई निजी स्कूल नियमों की अनदेखी करते हुए अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रहे हैं. युवा शिवसेना का आरोप है कि कई स्कूल हर साल किताबें बदल देते हैं, जिससे अभिभावकों को मजबूरन नई किताबें खरीदनी पड़ती हैं.संगठन का दावा है कि इन किताबों पर स्कूल प्रबंधन को भारी कमीशन मिलता है.



स्कूल विद्यार्थियों को तय दुकानों से ही किताबें खरीदने के लिए बाध्य करते हैं, जहां किसी भी तरह की छूट नहीं दी जाती, जो नियमों के खिलाफ है. ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि कुछ स्कूल रिजल्ट घोषित होते ही अपने परिसर में किताबें, कॉपियां और अन्य शैक्षणिक सामग्री बेचने लगते हैं. संगठन ने इस पर तत्काल रोक लगाने, किताबें किसी भी दुकान पर उपलब्ध कराने और उन पर 10 से 15 प्रतिशत तक छूट दिलाने की मांग की है. युवा शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी.

### पत्रकार पर हमले के विरोध में एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

**लटेरी.** आनंदपुर में खबर कवरेज के दौरान पत्रकार मनीष शर्मा पर हुए कथित जानलेवा हमले के विरोध में श्रमजीवी पत्रकार संघ लटेरी ने एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम लटेरी ऊड्ढ को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई. ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में आनंदपुर में खबर कवरेज के दौरान पत्रकार मनीष शर्मा पर जानलेवा हमला किया गया था. इस घटना की खबर विभिन्न न्यूज चैनलों और समाचार पत्रों में भी प्रमुखता से प्रकाशित हुई. इसके बावजूद आनंदपुर पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लेते हुए साधारण धाराओं में ही प्रकरण दर्ज किया गया.

**महत्वपूर्ण निर्णय** आयोजन समिति का फैसला, नियम तोड़ने पर कार्रवाई, उपकरण जब्त करने की भी चेतावनी

# छतरपुर में श्रीराम नवमी पर डीजे प्रतिबंधित

- शोभायात्रा और कार्यक्रमों में डीजे नहीं बजेगा
- नियम तोड़ने पर पुलिस करेगी कार्रवाई

**छतरपुर, 11 मार्च. इस वर्ष श्रीराम नवमी के अवसर पर त्योहार को शांति, आस्था और अनुशासन के साथ मनाने के लिए आयोजन समिति ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. समिति ने स्पष्ट किया है कि इस बार किसी भी शोभायात्रा या धार्मिक कार्यक्रम में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा.**

समिति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति या समूह इस नियम की



अनदेखी करते हुए डीजे का उपयोग करता है, तो उसके खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा. ऐसे मामलों में डीजे और अन्य उपकरण जब्त किए जा सकते हैं और संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी. समिति ने स्पष्ट किया कि इस तरह की कार्रवाई में उनका कोई हस्तक्षेप नहीं होगा.

आयोजन समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय त्योहार की धार्मिक गरिमा और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है. इससे श्रीराम नवमी का पर्व पारंपरिक और अनुशासित तरीके से मनाया जा सकेगा. समिति ने सभी श्रद्धालुओं और आयोजनकर्ताओं से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और पर्व को धार्मिक भावना, सौहार्द और अनुशासन के साथ मनाएं, ताकि शहर में शांति और व्यवस्था बनी रहे.



# अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

**छतरपु, 11 मार्च. जिला अस्पताल में बुधवार को मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली. सुबह से ही ओपीडी में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों की लंबी कतार लग गई.**

जिससे कई मरीजों को डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा. बढ़ती भीड़ के कारण अस्पताल की व्यवस्था पर भी दबाव दिखाई दिया और मरीजों में बेचैनी का माहौल रहा. स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. मनोज चौधरी ने सराहनीय पहल करते हुए अपने चेम्बर से बाहर आकर मरीजों की जांच शुरू कर दी.

उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक दवाइयों के लिए पर्चे लिखे.डॉ. चौधरी की इस पहल से लाइन में खड़े मरीजों को काफी राहत मिली और उन्हें लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ा.